तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 10 मार्च 2026




कमाओ व सीखो योजना को जल्द लागू किया जाए 10


प्रशासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्धः डीसी 10


## खबर संक्षेप

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष जींद में आज

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया मंगलवार को जींद जिला के आधिकारिक दौरे पर रहेंगी। अध्यक्ष लघु सचिवालय स्थित सभागार में जींद जिला से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगी। इस दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके लिए सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक चालक की जान गई

**कैथल।** शादी के कार्यक्रम से घर सामान लेने जा रहे बाइक सवार किशोर को प्रताप गेट के पास मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन तुरंत एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अंबकेश्वर कॉलोनी निवासी सुखदेव ने बताया कि उसका बेटा दीपक 9वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार को परिवार में रिश्तेदारों की शादी के चलते पंजाबी सेवा सदन में कार्यक्रम चल रहा था।

### शराब मामले में बेलजंपर आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रणदेव सिंह द्वारा आरोपी सांघन निवासी सिंगारा राम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी सिंगारा राम को 28 अगस्त 2024 को चौंकी संगतपुरा पुलिस द्वारा 13 बोतल देशी शराब सहित काबू किया था। उक्त मामले में आरोपी जमानत हासिल करने उपरांत कोर्ट में हाजिर में नहीं हुआ, जिससे माननीय न्यायालय द्वारा 13 नवंबर 2025 को पीओ घोषित किया था।

### बिजली अदालत का आयोजन 12 मार्च को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि 12 मार्च को उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के अध्यक्ष योग राज की अध्यक्षता में पिहोवा चौक स्थित बिजली विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगी, जिसमें बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

### बीडीपीओ कार्यालय हॉल में रोजगार मेला 12 को

**गुहला-चीका।** सहायक रोजगार अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा 12 मार्च को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक चीका खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के हॉल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में प्राइवेट क्षेत्र की निजी कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए योग्य कैंडिडेटों का चयन किया जाएगा। उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### बिना दाखिला कक्षा लगाने पर कार्रवाई की मांग उठाई

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 'एबीवीपी' ने कुलसचिव राजेश कुमार बंसल को ज्ञापन सौंपा और कुछ समय पहले बिना एडमिशन विद्यार्थियों द्वारा क्लास लगाई गई। जिसके बाद उनके क्लास के विद्यार्थियों ने शिकायत थी। इसके बाद भी विद्यार्थियों की शिकायत प्रशासन के डीन अकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर विशाल वर्मा ने एक साल से कोई कार्रवाई नही की है।

## सफीदों फैक्टरी आग हादसा: एएसपी करेंगे नेतृत्व, 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

# एसआईटी करेगी फैक्टरी में लगी आग की जांच

### हादसे में अब तक सात महिला मजदूरों की हो चुकी मौत

**11 मजदूर अभी भी विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों में अवैध फैक्टरी मे लगी आग की जांच अब एएसपी सोनाक्षी के नेतृत्व में गठित एसआईटी करेगी। जिसमें डीएसपी सफीदों, शहर थाना प्रभारी, सफीदों सीआईए प्रभारी के महिला पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। गठित एसआइटी 15 दिन मे जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट एसपी कुलदीप सिंह सौपेंगी। फैक्टरी में रंग गुलाल बनाने की आड़ में विस्फोट सामग्री से स्माग बम बनाए जो रहे थे। फैक्टरी में आग लगने के कारण सात महिला मजदूरों की मौत हो चुकी है। जबकि दस अभी उपचाराधीन है। एसपी कुलदीप सिंह द्वारा गठित एसआईटी की जांच का दायरा काफी विस्तृत होगा। हर बिंदू की जांच बारिकी से होगी। फैक्टरी कब से चल रही थी। बिना अनुमति के चल रही फैक्टरी की तरफ ध्यान क्यों नही दिया। विस्फोट सामग्री कहा से आ रही थी, कौन लोग उसे सप्लाई कर रहे थे। एसआईटी 15 दिन में अपनी रिपोर्ट एसपी को सौंप देगी। हालांकि पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया हुआ है। इसके इलावा कुछ अन्य लोगो की सलिप्ता अवैध सचालन मे सामने आ रही है। प्रथम दृष्टि जांच में आग पहले मेन गेट के आगे पड़े गत्तों तथा विस्फोट सामग्री के अवशेषों में लगी। जिसके कारण बीड़ी या सिगरेट का गिरना हो सकता है। जिसमें पोटाशियम नाइट्रेट था। पानी डालने के कारण आग तेजी से फैक्टरी में भड़क उठी और जहरीला धुआं फैल गया। मेन गेट बंद होने तथा आग वहीं लगने के कारण मजदूर बाहर नही निकल सके और आग तथा जहरीले धुएं की चपेट में आ कर झुलस गए तथा सात महिला मजदूर अपनी जान गवां बैठे। इस प्रकार के हादसे न हो और अवैध कारोबार पर अंकुश लगे इसको लेकर जिला पुलिस विभिन्न विभागों के साथ मिल कर बड़े स्तर अभियान चलाएगी। जिसमें लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा। गली मोहल्लों में मकानों या गोदामों में कुछ स्थानो पर संदिग्ध कार्य होता है। एसपी कुलदीप सिंह ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास चल रहे संदिग्ध कार्यों की सूचना पुलिस को दे और जागरूक नागरिक का फर्ज निभाए। आग सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आसपास के लोगों ने फैक्टरी में फंसे लोगों को निकालने में सहयोग किया। लोगों ने अपने संसाधना से आग पर काबू पाने की कोशिश की। दीवार को तोड़ कर अंदर फंसे कर झुलसे लोगों को अपनी जान पर खेल कर बाहर निकाला। उन लोगों को भी सम्मानित करने की बात चल रही है।


**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते एसपी कुलदीप सिंह। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** फैक्टरी की तोड़ी गई दीवार को देखते लोग। *फोटो :हरिभूमि*

### एसआईटी का किया गठन

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि मामले की जांच के लिए एएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। जो अपनी रिपोर्ट 15 दिन के अंदर सौंप देगी। ऐसे कारोबार करने वाले खिलाफ बडे स्तर पर कबिंग की जाएगी।

### एक और महिला ने तोड़ा दम, संख्या सात तक पहुंची

**जींद।** सफीदों रंग, गुलाल फैक्टरी में आग लगने से झुलसी एक और महिला मजदूर की पानीपत के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके साथ मरने वाली महिला मजदूरों की संख्या छह हो गई है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित फैक्टरी मालिक को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से अवैध कार्य में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। सफीदों के गीता कालोनी में अवैध रूप से चल रही रंग गुलाल की फैक्टरी में गत सात मार्च को लगी आग में झुलसी न्यू गीता कालोनी निवासी ममता (35) की पानीपत के निजी अस्पताल में बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके साथ मरने वाली महिला मजदूरों की संख्या सात हो चुकी है। सफीदों निवासी महिला मजदूर पूजा, पिंकी, गुड्डी, ऊषा की आग में झुलसने से मौके पर मौत हो गई थी। जबकि महिला मजदूर सरिता तथा धनपति की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई थी। घटना के दौरान फैक्टरी में 21 मजदूर थे। जिसमें चार महिला मजदूर छत से कूद कर बच निकली थी। जबकि 17 मजदूर अंदर थे। जो झुलस गए थे। जिसमें 13 महिलाएं थी। जिनमें से सात महिलाओं की अब तक मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि उपचाराधीन दो और महिलाओं की हालात गंभीर बताई जा रही है।


**जींद।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते मजदूर नेता। *फोटो :हरिभूमि*

## दोषियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग

**जींद।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के आह्वान पर सोमवार को मजदूरों ने प्रदर्शन किया और प्रशासनिक लापरवाही के चलते सफीदों में रंग, गुलाल बनाने वाली फैक्ट्री में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर रोष जताया। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सीटू जिला सहसचिव राधेश्याम, कपूर सिंह ने कहा कि यह महज एक हादसा नही बल्कि फैक्टरी मालिक-प्रशासन की लापरवाही से हुआ संस्थागत हत्याकांड है। जांच में सामने आया है कि फैक्टरी में श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। न तो वहां अग्निशमन उपकरण थे और न ही सुरक्षा किट। सबसे शर्मनाक बात यह है कि गेट पर बाहर से ताला लगा होने के कारण मजदूर अंदर ही फंस गए, जिससे स्थिति भयावह हो गई। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार को घेरे में लेते कहा कि फायर ब्रिगेड का एक घंटे देरी से पहुंचना रिक्त पड़े पदों व संसाधनों की कमी का जीता जागता प्रमाण है। मजदूरों को न्यूनतम वेतन न देकर उनसे बंधुआ मजदूरों की तरह काम लिया जा रहा था।

## अवैध फैक्ट्रियों को तुरंत किया जाए सील: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों की गीता कालोनी में अवैध रूप से चल रही रंग फैक्टरी में लगी आग से छह महिलाओं की मौत के बाद अवैध फैक्ट्रियों व वर्कशॉप पर कार्रवाई के लिए कमेटी का गठन किया गया है। बिना अनुमति और सुरक्षा मानकों के विपरीत संचालित हो रही अवैध फैक्ट्रियों और वर्कशॉप पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि ऐसी सभी इकाइयों को तुरंत प्रभाव से सील करके बंद कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी फैक्टरी, वर्कशॉप या अन्य कारखाने में यदि आगजनी अथवा अन्य दुर्घटनाओं से बचाव के पुख्ता प्रबंध नही हैं और वह अवैध रूप से संचालित हो रहा है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने उपमंडल के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही अवैध औद्योगिक गतिविधियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी स्थानों की पहचान कर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गत शनिवार को स्थानीय गीता कॉलोनी में संचालित फैक्टरी में भीषण आग लगने से सात महिलाओं की मौत हो गई थी। यह घटना अत्यंत दुखद और गंभीर है। भविष्य में इस प्रकार की किसी भी घटना को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसीलदार राजेश गर्ग, नायब तहसीलदार संजय, फायर स्टेशन ऑफिसर रामेश्वर सिंह, डिप्टी डायरेक्टर फैक्टरी एक्ट रविंद्र सिंह, एसएचओ सदर राजेश, पवन सहित अन्य उपस्थित रहे।


**जींद।** अवैध फैक्ट्रियों को लेकर दिशा-निर्देश देते एसडीएम पुलकित।

## रिहायशी इलाके में चल रही दो फैक्टरी सील

### दोनों इकाइयों ने नहीं ली थी विभागों से अनुमति

- आपात हालात से निपटने के नही मिले संसाधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों फैक्टरी में लगी आग से सात महिलाओं की मौत के बाद जिला प्रशासन ने ऐसी इकाइयों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिनमें ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग होता है और आगजनी से निपटने, सुरक्षा के संसाधन नही थे। सफीदों के वार्ड नंबर चार में ऐसी दो इकाइयों सील किया गया है। एक इकाई में यूज तथा थ्रो वाले डोने, प्लेट बनाई जाती थी। जबकि दूसरी में बैटरियों में तेजाब भरा जाता था।

**कार्रवाई**



सोमवार को सफीदों के तहसीलदार राजेश गर्ग के नेतृत्व में लगभग आधा दर्जन विभागों के कर्मियों ने सफीदों के वार्ड नंबर चार में चल रही दो इकाइयों पर दस्तक दी। एक इकाई में यूज तथा थ्रो के डोने तथा प्लेट बनाई जा रही थी। जबकि दूसरी इकाई में बैटरियों में तेजाब डाला जाता था। दोनों इकाई रिहायशी इलाके में चल रही थी। दोनों में आपात हालातों से निपटने के कोई संसाधन नही थे। न ही दोनों के पास कोई अनुमति पाई गई। जिस पर अधिकारियों ने दोनों इकाइयों को सील कर दिया।

## मानसिक रूप से परेशान युवक ने फंदा लगाकर अपनी दी जान

**रविवार रात को घर पर पत्नी के साथ मामूली हुई थी कहासुनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अंबाला रोड स्थित बाइपास पुलिस नाका के पास मानसिक रूप से परेशान हो युवक ने अपनी दुकान में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता सोमवार सुबह उस समय लगा जब आसपास के लोगों ने युवक को दुकान के अंदर फंदे से लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले में पुलिस ने इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि रविवार रात के समय घर पर ही युवक का उसकी पत्नी के साथ मामूली कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने यह कदम उठाया। सिविल लाइन थान एसएचओ एसआई कुलदीप ने बताया कि उन्हें सोमवार सुबह सूचना मिली कि अंबाला रोड स्थित बाइपास पुलिस नाका के पास एक दुकान में युवक ने फंदा लगा दिया है। युवक की पहचान पंथ नगर निवासी राजेश (33) के रूप में हुई है। इसके बाद उनके थाने की टीम के साथ सीआईए व एफएसएल की टीम ने जांच शुरू कर दी थी।

## हनी ट्रैप मामले का किया पर्दाफाश

- मामला रफा दफा करने की आवाज में 27 लाख रुपये लेते एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने हनी ट्रैप के मामले का पर्दाफाश करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। यह है मामलाः नरवाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी 7 मार्च को पिज्जा लेने के लिए पिज्जा हट में गई थी। यहां गांव सुंदरपुर निवासी सुमित व अंकित ने उसकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने सुमित ओर अंकित के खिलाफ दुष्कर्म करने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद से मां व बेटी पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रही थी और बार-बार जांच को टालने का काम कर रही थी। पुलिस द्वारा पीड़िता को बयान देने के लिए भी कहा गया लेकिन वह बार-बार बयान देने से बचती रही। इसी दौरान पीड़िता तथा मां ने मामले में आरोपित युवकों के परिजनों से बात की और कोर्ट में बयान उनके पक्ष में देने की बात कहते हुए 30 लााख मांगे। जिस पर मामला 27 लाख में तय हुआ। आरोपी युवकों के परिजनों ने पूरे मामले से पुलिस को अवगत करवाया और कहा कि यह मामला झूठा है और उन्हें झूठे रेप के। मामले में फसाया जा रहा है। मामला तय होने पर जब आरोपित युवकों के परिजन 27 लाख शिकायतकर्ता के मामा के लड़के दालमवाला निवासी विकास को देने लगे तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपित से पूछताछ जारी

डीएसपी कमलदीप राणा ने बताया कि पहले पीड़िता द्वारा उसकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म होने की शिकायत दी गई थी। जिस पर मामला दर्ज कर लिया गया था। बाद में शिकायतकर्ता ने आरोपितों के परिजनों के साथ बातचीत कर मामला 27 लाख रुपये में मामला निपटने की बात कही। जिस पर पुलिस ने शिकायतकर्ता के मामा के बेटे गांव दालमवाला निवासी विकास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।


**कैथल।** वाहन चालकों की जांच करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### यातायात पुलिस ने 195 वाहनों के चालान

**कैथल।** एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 2 से 8 मार्च तक विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 134, ध्वनि प्रदूषण करने के 2, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 51 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। एसपी उपासना ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ आमजन को यातायात जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नियमों की जानकारी भी दी जाएगी।

## गेहूं की फसल में दाना बन रहा, तापमान अधिक होने से नही हो पाएगा भराव

# बढ़ते तापमान ने बढ़ाई अन्नदाताओं की धड़कनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मार्च महीने की शुरुआत में ही 34 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान होना फसलों के लिए बहुत नुकसानदायक साबित होगा। कृषि विभाग के अनुसार इस समय गेहूं की फसल में दाना बन रहा है। इतने अधिक तापमान के कारण गेहूं के दानों का भराव नहीं हो पाएगा। ऐसे में गेहूं के उत्पादन पर इसका ज्यादा असर पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञों ने गेहूं की फसल में हल्की सिंचाई करने के साथ-साथ कुछ अन्या दवाइयों के छिड़काव की सलाह दी है। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से कहा गया है कि इस समय 34 डिग्री से अधिक तापमान गेहूं की फसल पर ज्यादा असर डालेगा। इतने अधिक तापमान में गेहूं के दानों में भराव नहीं हो पाएगा। ऐसे में गेहूं का उत्पादन काफी प्रभावित होगा। कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से कहा गया कि तापमान का प्रभाव कम करने के लिए 2.0 प्रतिशत पोटेशियम नाइट्रेट का छिड़काव करें। इसके लिए दो किलोग्राम पोटेशियम नाइट्रेट को 100 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ फसल पर छिड़काव करें। पछेती फसल में पोटेशियम नाइट्रेट के दो छिड़काव दस दिन के अंतराल पर किए जा सकते हैं। इसके अलावा फसलों में आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करें। खेत में नमी बनाए रखनी चाहिए। तेज हवा चलने के समय सिंचाई नहीं करनी चाहिए। जहां संभव हो दोपहर के समय फव्वारा विधि से सिंचाई करनी चाहिए। कृषि विभाग द्वारा कहा गया कि इसके अलावा मंडूसी कहीं दिखाई दे तो उन पौधों को निकाल कर फेंक दें। वहीं अब पीला रतुआ के लिए कोई भी दवा का छिड़काव करने की जरूरत नहीं है। जब तापमान 25 डिग्री से अधिक हो जाता है तो यह रोग अपने आप नष्ट हो जाता है।



### फसल पर पड़ेगा विपरीत प्रभाव

कृषि विज्ञान केंद्र जींद के जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विज्ञान अधिकारी डा. धीरज पंघाल ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय ने इसके लिए एडवाइजरी जारी की है। 2.0 % पोटेशियम नाइट्रेट का छिड़काव करें। वहीं खेतों में हल्की सिंचाई भी जरूरी है। तापमान अधिक होने के कारण फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इस समय 33 डिग्री सेल्सियस तापमान हो गया है। इस कारण गेहूं के दानों में भराई नहीं होगी।


**राजौंद।** किच्छाना के स्कूल का निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन।

### बीइओ ने किच्छाना के स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**राजौंद।** खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद संदीप नैन ने सोमवार को राजकीय उच्च तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला किच्छाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में चल रही शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन करते व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के समय विद्यालय के मुख्याध्यापक व स्टाफ ने खंड शिक्षा अधिकारी को विद्यालय की पढ़ाई व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, कंप्यूटर लैब, खेल क्लबों तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया, जो संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और नैतिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## खबर संक्षेप

### अशोक ने संभाला नायब तहसीलदार का पद कार्यभार

**उचाना।** तहसील में पिछले कई महीनों से रिक्त नायब तहसीलदार के पद पर अशोक ने कार्यभार संभाला। अशोक झज्जर में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे। उचाना के नायब तहसीलदार सुरेश का तबादला हांसी होने के बाद से ये पद रिक्त था। अशोक ने कहा कि किसी तरह की परेशानी तहसील संबंधित कामों को लेकर नहीं आने दी जाएगी। इंतकाल सहित जो भी तहसील संबंधित काम होंगे उनको प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए है कि किसी कार्य के लिए बार-बार चक्कर न कटवाए। किसी भी काम के लिए आने वाले व्यक्ति को अगर किसी तरह की कमी कागजात है में है तो साथ में बताए ताकि कागजात पूरे होने के बाद कार्य साथ-साथ में हो सकें।

### रा.कॉलेज में व्यक्तिगत रील्स पर प्रतिबंध लगा

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में व्यक्तिगत रील्स, वीडियो व इंटरनेट मीडिया सामग्री पर प्रतिबंध लगाया है। राजकीय कालेज के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने पत्र जारी कहा कि प्राय देखने में आया है कि कुछ विद्यार्थी, स्टाफ व अन्य बाहरी व्यक्ति महाविद्यालय परिसर में बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के व्यक्तिगत रील्स, वीडियो व इंटरनेट मीडिया सामग्री बनाते हैं। ऐसे में सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय परिसर केवल शैक्षणिक व आधिकारिक कार्यों के लिए है।

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन नाबालिग लड़कियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। शहर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को उसकी 15 वर्षीय पौती घर से गायब हो गई। वहीं नरवाना निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस घर से गायब हो गई। उधर, सदर थाना सफीदों इलाके से भी 17 वर्षीय लड़की गायब हो गई। परिजनो ने तीनों लड़कियों को तलाशा भी लेकिन कोई सुराग नही लगा। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अपहरण के केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अपहरण कर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, केस

**जुलाना।** जुलानारू थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़के का अपहरण कर दुष्कर्म करने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जुलाना थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका नाबालिग भतीजा उसकी दादी के साथ छह मार्च को दोपहर के समय गांव की दुकान पर गया था। उसकी दादी आगे चल रही थी और तो नाबालिग बच्चा पीछे रह गया। गांव के ही एक आरोपी ने उसे उठाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद उसकी दादी वहां पहुंची तो आरोपी व्यक्ति नग्न अवस्था में था और उसके भतीजे का मुंह दबा रखा था। नाबालिग बच्चा रो रहा था। परिजन आरोपी के कब्जे से छुड़ाकर घर लाए तो बच्चा सहमा हुआ था। उसने परिजनों को आपबीती सुनाई।

### स्वयं सेविकाओं ने किया अग्रोहा धाम का भ्रमण

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन स्वयं सेविकाओं ने अग्रोहा धाम का भ्रमण किया। महाराजा अग्रसेन, अग्रोहा धाम से जुड़ी संस्कृति, सभ्यता के बारे में जानकारी प्राप्त की। एनएसएस पीओ राजबाला के नेतृत्वय में स्वयं सेविकाएं अग्रोहा धाम पहुंची। राजबाला ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण स्थलों से हमारे भारतीय संस्कृति, सभ्यता के बारे में जानकारी प्राप्त कर स्वयं सेविकाओं में देश प्रेम, राष्ट्रभक्ति व समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना पैदा होती है। ज्योति, रितु, अन्नू, ज्योति मौजूद रही।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

# कमाओ व सीखो योजना को जल्द लागू किया जाए

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए शिविर लगाएं जाएं

**परिषद आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाती रहेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. जसवीर सुरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कमाओ और सीखो विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए योजना लागू करने, विश्वविद्यालय परिसर में पासपोर्ट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की मांग रखी गई। एबीवीपी जींद विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर कहा कि आज के समय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ आर्थिक कठिनाइयों का सामना भी करते हैं। ऐसे में यदि विवि में अर्न व्हाइल लर्न योजना शुरू की जाती है तो विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ आंशिक रोजगार का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों को पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक सहायता मिलेगी और वे आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे। एबीवीपी का मानना है कि इस योजना के अंतर्गत विवि के विभिन्न विभागों, पुस्तकालय, प्रशासनिक कार्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों को पार्ट टाइम कार्य दिया जा सकता है। जिससे उन्हें अनुभव भी प्राप्त होगा और आर्थिक सहयोग भी मिलेगा। कहा कि विवि परिसर में पासपोर्ट बनवाने के लिए विशेष कैंप आयोजित किया जाए। आज के समय में अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षाए प्रतियोगी परीक्षाओं, विदेश में पढ़ाई तथा अन्य शैक्षणिक अवसरों के लिए पासपोर्ट बनवाना चाहते हैं लेकिन पासपोर्ट कार्यालय तक बार-बार जाने में समय और धन दोनों की समस्या आती है। यदि विवि परिसर में ही पासपोर्ट सेवा शिविर लगाया जाए तो हजारों विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा और उनकी प्रक्रिया भी सरल हो जाएगी। एबीवीपी ने ज्ञापन में यह भी मांग रखी है कि विवि प्रशासन, जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करवाए। वर्तमान समय में बहुत से विद्यार्थी कॉलेज या विवि आने-जाने के लिए दोपहिया या चारपहिया वाहन का उपयोग करते हैं लेकिन कई छात्रों के पास अभी तक वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। यदि विवि परिसर में ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है तो छात्रों को बार-बार आरटीओ कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उनका समय भी बचेगा। यदि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रोजगार का अनुभव, सरकारी दस्तावेज बनवाने की सुविधा और प्रशासनिक सहयोग मिलता है तो इससे उनकी शिक्षा और भविष्य दोनों मजबूत होंगे। चेताया कि यदि विद्यार्थियों की इन मांगों पर तीन दिन में पूरा सकारात्मक कार्रवाई नही की जाती है तो परिषद विद्यार्थियों के हित में आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाती रहेगी। इस अवसर पर एबीवीपी कार्यकर्ता मयंक, देव, मुस्कान आदि मौजूद रहे।

# बदलते मौसम को देखते डीसी ने की नागरिकों से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील

### बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन तत्पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने नागरिकों से बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों दोपहर में गर्मी और सुबह व शाम ठंड का असर देखा जा रहा है, जिससे लोग अक्सर लापरवाही बरत लेते हैं और बीमार पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे पौष्टिक भोजन करें और नियमित योग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले परामर्श की भी अनुपालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में बुखार, खांसी, जुखाम, एलर्जी, जोड़ों में दर्द आदि कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केंद्र में स्वास्थ्य जांच कराएं।

#### दूसरों को भी जागरूक करें

डीसी ने बताया कि तापमान में इस तरह के उतार-चढ़ाव के दौरान सर्दी, खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में हल्के और मौसम के अनुसार कपड़े पहननाए पर्याप्त पानी पीना, साफ.-सफाई का ध्यान रखना और भीड़भाड़ वाली जगहों पर सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें और खुद से दवा लेने से बचें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वस्थ आदतों को अपना कर खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।



कालवन में आयोजित भंडारा में प्रसाद लेते मुख्यातिथ धूमन सिंह किरमच।

### कपिलेश्वर धाम में हिंदू सम्मेलन संपन्न

**जींद।** चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है के उद्घोष के साथ गांव कालवन स्थित प्राचीन सिद्ध तपोभूमि कपिलेश्वर धाम में विशाल हिंदू सम्मेलन व भंडारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री 108 महंत विजय गिरी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से, जहां गांव की छोटी बच्चियों ने हरियाणवी परिधानों में अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्यातिथि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष, धूमन सिंह किरमच ने डेरा परिसर और आदर्श भूमि प्रवासी पक्षी संरक्षण स्थल का निरीक्षण किया। गांव कालवन को भगवान कपिल मुनि की प्राचीन तपोस्थली और सरस्वती-घग्घर फ्लो बेल्ट का मुख्य हिस्सा बताते हुए इसे सरस्वती धरोहर स्थल के रूप में विकसित करने का पूर्ण आश्वासन दिया।

### भाजपा ने किया सिलेंडर आम आदमी की पहुंच से दूर: विजेंद्र



**जींद।** कांग्रेस नेता विजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि मंहगाई से ही परेशान आम जनता पर अब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों से दोहरी मार पड़ रही है। जो अब असहनीय बोझ बन गया है। सरकार की गलत नीतियों से जनता पहले ही मंहगाई से जुझ रही है। सिलेंडर के रेट डबल किए और अब बढ़ोतरी कर जनता की कमर तोडने का काम किया है। सत्ता में आने से पहले 500 रुपये का सिलेंडर देने का जनता से वादा किया था लेकिन सिलेंडर 960 रुपये का कर दिया। ऐसे बहरुपिये लोग सता में बैठे हैं कहते कुछ और है और करते कुछ और हैं। आए दिन पशुओं की चोरी, लुट, भ्रष्टाचार, क्राइम चरम सीमा पर है। प्रदेश में भय का माहौल बना हुआ। जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है।

### मेरिट के आधार पर युवाओं को मिल रहा रोजगार

**उचाना।** विपक्ष द्वारा उचाना विकास रैली में उचाना की झोली खाली रहने के बयानों पर बोलते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि जिसने उचाना के लिए आज तक कुछ नहीं किया उन्हें ऐसा ही नजर आता है। ये विकास रैली उचाना के इतिहास की सबसे बड़ी रैली थी। रैली में उमड़ी भीड़ निरंतर हलके में भाजपा की बढ़ रही लोकप्रियता का प्रमाण है। सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा उचाना की हर मांग को मानने का काम किया। करोड़ों के विकास के कार्यों की घोषणा की। हर गांव में लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की जो युवाओं की बहुत पुरानी मांग थी। हर गांव में लाइब्रेरी बनने से युवा गांव में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। ढाकल हैड से रजबाहा को लेकर कमेटी बनाने की घोषणा की जो वर्षों पुरानी मांग किसानों की थी। वे उचाना कलां गांव में अशोक अत्री के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



उचाना कलां अशोक अत्री के निवास पर पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।




**जींद।** शिविर में भाग लेने के लिए रवाना होते स्वयंसेवक।

### शिविर में भाग लेने के लिए स्वयंसेवक रवाना

**जींद।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों से आए युवाओं के बीच आपसी भाईचारे, सांस्कृतिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस शिविर में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के चार स्वयंसेवक भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। ये स्वयंसेवक शिविर के दौरान आयोजित सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक तथा राष्ट्रीय एकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर विवि व प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐसे शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### दाड़न खाप ने किया स्वाति को सम्मानित

**उचाना।** दाडन खाप के सुदकैन कलां गांव की बेटी स्वाति श्योकंद पुत्री दिलबाग श्योकंद के यूपीएससी में 366वां रैंक प्राप्त करने पर निरंतर बेटी को सम्मानित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य लोग कर रहे है। सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां के प्रधान रणधीर श्योकंद सुंदरपुरा की अगुवाई में स्वाति श्योकंद को सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके साथ मार्केट कमेटी नरवाना चेयरमैन अमित ढाकल, रमेश नंबरदार मखंड, रामफल, सुंदरपाल काकड़ोद भी मौजूद रहे। रणधीर श्योकंद ने कहा कि ये दाडन खाप ही नहीं बल्कि पूरे जिले, बांगर के लिए गर्व की बात है कि ग्रामीण अंचल की बेटी ने यूपीएससी में 366वां रैंक प्राप्त करके नाम रोशन किया है। बेटी ने साबित कर दिया है कि बेटी भी बेटे की तरह माता-पिता, क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है।



स्वाति को सम्मानित करते दाडन खाप प्रधान के साथ गणमान्य लोग।



**जींद।** प्रशिक्षण लेते प्रशिक्षु। *फोटो :हरिभूमि*

### प्रशिक्षक व रैफरी सेमिनार संपन्न

**जींद।** पिट्टू एसोसिएशन हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय रैफरी व कोच प्रशिक्षण सेमिनार का भव्य समापन हुआ। इस शिविर में प्रदेश के कोने-कोने से आए राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने भाग लिया। एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार हैबतपुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य प्रशिक्षक एवं कार्यकारी सचिव सुमित कुमार निडानी ने प्रशिक्षकों को खेल की बारीकियों, आधुनिक नियमों और खेल को खेलने व खिलाने के विशेष गुर सिखाए। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि पिट्टू केवल एक खेल नही बल्कि महाभारत काल से चली आ रही हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी कोचों ने अपने-अपने जिलों में जाकर इस पारंपरिक खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया।



**नरवाना।** कर्मयोगी महिलाओं को सम्मानित करते संस्था पदाधिकारी।

### कर्मयोगी महिलाओं का किया सम्मान

**नरवाना।** मानव मित्र मंडल, प्रगतिशील समाज व किड्स मेलोडी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक सम्मान समारोह में शहर की पांच कर्मयोगी महिलाओं का सम्मान किया। संस्था पदाधिकारी रानी चितारा ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिक्षण संस्थानों में कार्यरत सहायिकाओं को सम्मानित किया गया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को ज्ञापित किया गया। मानव मित्र मंडल शाखा नरवाना के सचिव संजय भारद्वाज ने मंडल द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों को रेखांकित किया तथा महिलाओं के लिए चलाई जा रही निशुल्क कोचिंग कक्षाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। वरिष्ठ सदस्य महावीर गुप्ता ने समाज में महिलाओं के स्थान, उनकी गरिमा व भूमिका की चर्चा की। कहा कि श्रेष्ठ समाज का निर्माण स्त्री द्वारा ही संभव है।

# बंदर पकड़वाने के लिए जल्द चलाया जाए अभियान

- सफाई, कचरा प्रबंधन सीवरेज व्यवस्था को करें दुरुस्त : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने शहर में साफ.-सफाई व्यवस्था, गंदे पानी की निकासी तथा कचरा प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में बंदरों की बढ़ती समस्या को देखते हुए उन्हें पकड़वाने के लिए जल्द ठोस कदम उठाए जाएं। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में एसडीएम जींद सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पटियाला चौक स्थित ईश्वर नगर में गंदे पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की। उन्होंने कहा कि रेलवे कॉलोनी में गंदे पानी की समस्या का समाधान रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर किया जाए। साथ ही आसपास के सीवरेज की सफाई करवा कर गलियों के पानी के कनेक्शन सीवरेज से जोड़े जाएं ताकि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। उपायुक्त ने वीटा मिल्क प्लांट से निकलने वाले वेस्ट पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि पूरे शहर की सीवरेज व्यवस्था, कचरा प्रबंधन तथा नालों की सफाई नियमित रूप से जारी रखी जाएए ताकि गंदा पानी बिना किसी बाधा के एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी एसटीपी निरंतर रूप से सुचारू रूप से संचालित रहें।

#### विशेषज्ञ टीमों की सहायता ली जाए

उन्होंने रेलवे अधिकृत क्षेत्र में बनाए गए पानी के टैंकों पर भी संज्ञान लेते हुए कहा कि कोई भी टैंक बिना ढक्कन के नही रहना चाहिए। सभी टैंकों पर ढक्कन लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना या बीमारी फैलने की आशंका न रहे। बैठक में उपायुक्त ने शहर में बढ़ती बंदरों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदरों को पकडने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर विशेषज्ञ टीमों की सहायता ली जाए। उन्होंने कहा कि बंदरों के कारण कई बार लोगों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। इसलिए इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना आवश्यक है ताकि शहर के लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और शहर में साफ.-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ.साथ बंदरों की समस्या के समाधान के लिए भी शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

## समाधान शिविर बना आमजन के लिए राहत का मंच

# प्रशासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविर आमजन के लिए राहत का प्रभावी मंच बनकर उभरा है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर अपनी समस्याएं और शिकायतें रखी।

जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया। जबकि अन्य के स्थायी समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रत्येक शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और निर्धारित समय सीमा में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में राजस्व पंचायत, नगर निकाय, बिजली, जन स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



**जींद।** शिकायतें सुनते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

गोहाना रोड स्थित भारत नगर के निवासियों ने सीवर मैनहोल का ढक्कन बाहर निकालने की समस्या बताई। उन्होंने बताया कि गली पक्की होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा मैनहोल दबा देने से पानी जमा हो जाता है। डीसी ने नगर परिषद अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र दूहन, आरटीए गिरिश नागपाल, नगराधीश मोनिका रानी, रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भावांतर भरपाई योजना से मधुमक्खी पालकों को मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इससे मधुमक्खी पालकों को बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव से राहत मिलेगी और उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा। एसडीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार ने मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद के लिए संरक्षित मूल्य तय किया है। यह निर्णय सरकार की किसान हितैषी सोच और कृषि से जुड़ी सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन किसानों के लिए आय का महत्वपूर्ण अतिरिक्त स्रोत बन कर उभरा है। यह न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाता है बल्कि परागण के माध्यम से फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता है। हरियाणा सरकार कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि योजना के तहत पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया मधुक्रांति पोर्टल मधुक्रांति डॉट इन तथा भावांतर भरपाई योजना पोर्टल शहद हॉर्ट हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी की सूचना नंबर 1933 पर दें: एसपी

**कैथल।** केन्द्र व राज्य सरकार की नशा के विरुद्ध जारी लड़ाई में कैथल पुलिस पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ जुड़ी हुई है। इस निर्णायक जंग में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस हेल्पलाइन नंबर-1933 की शुरुआत की है। यह हेल्पलाइन 24 घंटे है और इसका उद्देश्य जल्द से जल्द भारत को नशामुक्त बनाना है। सरकार की पहल को देशभर में नशा तस्करी रोकने, नशे की लत से पीड़ित लोगों को सहायता उपलब्ध कराने और समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### सीएम सैनी से मिले भाजपा नेता मुंजाल

**सीवन।** सीवन के पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश मुंजाल ने चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। उनके साथ कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सीवन लौटकर सतीश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस मुलाकात से जुड़े अनुभव सांझा किए। सतीश ने बताया कि चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने और उनके साथ मौजूद लोगों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

### आज मनाया जाएगा शीतला सप्तमी का पर्व

**राजौंद।** नगर में शीतला सप्तमी का पावन पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 मार्च को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नगर के बुढ़ी माता मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। दुर्गा मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शीतला सप्तमी का पर्व माता शीतला की पूजा-अर्चना के लिए विशेष रूप से मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर बुढ़ी माता के दर्शन करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हैं। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा भाव से माता की पूजा करने से रोग-व्याधियों से रक्षा होती है।

### बच्चों के पोषण व शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**राजौंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खंड स्तर पर सोमवार को सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजौंद कंचन बाला ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना था।

### महिला जन सुनवाई कार्यक्रम आज

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग प्रदेश की महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक बड़ी पहल करने जा रहा है। आयोग द्वारा 10 मार्च जींद लघु सचिवालय में महिला जन सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जहां जींद के साथ-साथ कैथल के मामलों की भी सुनवाई की जाएगी। बताया कि पहल राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य महिला आयोगों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

### कौल में बलवंत सिंह बल्लु की स्मृति में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए: विस अध्यक्ष





ढांड। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण कौल में खिलाड़ियों से रूबरू होते तथा सम्मानित करते हुए

■ ट्रस्ट को 11 लाख रुपये देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि खेलों से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए, तभी खेल का असली उद्देश्य पूरा होता है। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण गांव कौल स्थित बलवंत सिंह स्टेडियम में बलवंत सिंह बल्लु की स्मृति में आयोजित वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि बलवंत सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन करना सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने बल्लु को नमन करते कहा कि क्षेत्र के रोड सभा के प्रधान एवं खिलाड़ी बलकार सिंह ने भी खेलों के क्षेत्र में इस इलाके का नाम रोशन किया है। उन्होंने विधायक सतपाल जांबा की भी सराहना करते कहा कि वे लगातार समाज सेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि खेलों के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

#### पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

उन्होंने बताया कि घरौंडा में लगभग 5 एकड़ भूमि पर 15 करोड़ रुपये की लागत से एक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस कार्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पूरा सहयोग मिला है। इस स्टेडियम में भी जिस भी सुविधा की जरूरत होगी, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने ट्रस्ट को 11 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने बाबू अनंत राम की प्रतिमा और बलवंत सिंह की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने हरियाणा और झारखंड से आए खिलाड़ियों के साथ सामूहिक चित्र भी खिंचवाया और चल रहे रोमांचक मैच का आनंद भी लिया।

#### ये रहे मौजूद

विधायक सतपाल जांबा ने भी बलवंत सिंह बल्लु को नमन करते हुए कहा कि युवाओं को खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि कौल गांव में बलवंत सिंह बल्लु के नाम से लगभग 8 एकड़ भूमि पर स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम के बनने से क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी और वे खेलों में आगे बढ़कर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करेंगे। विधायक ने ट्रस्ट को 1 लाख 11 हजार रुपये देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, पूर्व विधायक तेजबीर सिंह, बलकार सिंह, जगत पाल, मेहर सिंह, केहर, नरेंद्र, नरेश, कश्मीर सिंह, संदीप, दलेल सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



राजौंद। प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

# 100 मीटर दौड़ में नैन्सी अव्वल, नीतू रही द्वितीय

## महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

महिला दिवस के अवसर पर माई भारत कैथल की ओर से भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग तथा खेल व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजीव गांधी स्टेडियम रोहेड़ा में अस्मिता लीग का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और बालिकाओं ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दौड़ प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में नैन्सी, साक्षी, ज्योति, मन्नत, रेनू और शीतल ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 13 वर्ष तक, 14 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की खिलाड़ियों के लिए 100, 200 और 400 मीटर दौड़ करवाई गई। कबड्डी और रस्साकशी की टीम प्रतियोगिताएं भी हुईं। विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई और खेल नर्सरी के खिलाड़ियों सहित 600 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 100 मीटर दौड़ (13 वर्ष तक) में नैन्सी प्रथम, नीतू द्वितीय और स्मृति तृतीय रही। 14 से 18 वर्ष वर्ग में साक्षी प्रथम, प्रवीण द्वितीय तथा किरण और अनुश्का संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। 18 वर्ष से अधिक वर्ग में ज्योति प्रथम, यशिका द्वितीय और माफी तृतीय स्थान पर रही।

#### ये रहे विजेता

200 मीटर दौड़ (13 वर्ष तक) में मन्नत प्रथम, अंजू द्वितीय और दिशा तृतीय रही। 14 से 18 वर्ष वर्ग में रेनू प्रथम, अंकिता द्वितीय और तन्या तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ (13 वर्ष तक) में यशिका प्रथम, मन्नत द्वितीय और यशमीन तृतीय रही। 14 से 18 वर्ष वर्ग में भेरी प्रथम, सुकन्या द्वितीय और रागिनी तृतीय रही। 18 वर्ष से अधिक वर्ग में माफी प्रथम, काफ़ी द्वितीय और मंजू तृतीय स्थान पर रही। कबड्डी व पाई और रस्साकशी में रोहेड़ा की टीम ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। माई भारत के जिला युवा अधिकारी मोहित नेहरा ने बताया कि देशभर के 250 जिलों में अस्मिता लीग आयोजित की जा रही है।

# छात्र लगन से अपनी स्किल बढ़ाएं

## रा. आईटीआई लगा रहा युवाओं के सपनों को पंख : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। जिला पार्षद कमलेश आईटीआई के पूर्व छात्र सुमित को सम्मानित करते।

जिला परिषद वार्ड नंबर 7 की पार्षद कमलेश शर्मा ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल युवा तथा युतवियों को स्वावलंबी बनाते उनके सपनों को पंख लगाने का काम कर रहा है। कमलेश शर्मा सोमवार को कैथल के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राष्ट्रीय शिक्षुता मेले को संबोधित कर रही थी। कहा कि आईटीआई के सभी कोर्स रोजगारपरक हैं। आज का समय स्किल का है। यदि युवाओं के हाथों में स्किल होगी तो वह आसानी से रोजगार या स्वरोजगार हासिल कर सकते हैं। शर्मा ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वह पूरी दिल और लगन से अपना स्किल बढ़ाएं ताकि उन्हें सरकारी या गैर सरकारी कंपनियों में आसानी से रोजगार हासिल हो सके। शर्मा ने कहा कि कैथल के राजकीय आईटीआई में आधुनिक मशीनों पर अनुभवी अनुदेशकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है यही कारण है कि देश में प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों की निगाहें कैथल के राजकीय आईटीआई के विद्यार्थियों पर टिकी हैं। इससे पूर्व उन्होंने रोजगार मेले में विद्यार्थियों को रोजगार देने के लिए आई कंपनी के अधिकारियों से बातचीत भी की। इससे पूर्व कमलेश शर्मा का यहां पहुंचने पर संस्थान के अधीक्षक सोहनलाल द्वारा स्वागत किया गया।

### आप प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील गुप्ता पत्रकार वार्ता के दौरान बोले

# हाईकोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल




कैथल। आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील गुप्ता पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कथित शराब घोटाले के मामले में आए न्यायिक फैसले पर प्रतिक्रिया देते कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट के निर्णय ने भाजपा की झूठी और राजनीतिक साजिश को पूरी तरह पहले ही बेनकाब कर दिया था और उस निर्णय से स्पष्ट हो गया था कि तथाकथित शराब घोटाले का मामला न केवल फर्जी और मनगढ़ंत है, बल्कि यह सुनवाई के योग्य भी नहीं है। इसी के चलते सभी आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया गया था लेकिन आप को फिर से बदनाम करने के लिए सरकार के इशारे पर सीबीआई द्वारा निचली अदालत के निर्णय पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। आज तथाकथित शराब घोटाले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन हाईकोर्ट ने भी राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर कोई रोक नहीं लगाई। हाईकोर्ट का ये निर्णय भाजपा सरकार की साजिश को पूरी तरह बेनकाब करता है और ये साफ-साफ साबित करता है कि भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने के लिए सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही थी। ये घोटाला 'तथाकथित' ही था और ये केवल और केवल राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और अन्य साथियों को बदनाम करने की साजिश थी

#### लड़ाई जारी रखेगी

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि पिछले कई वर्षों से भाजपा ने केंद्र की एजेंसियों ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करके। लेकिन अदालत के फैसले ने साबित कर दिया कि यह पूरा मामला राजनीतिक प्रतिशोध और साजिश के तहत तैयार किया गया था। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा चाहे जितनी भी साजिशें रच ले, आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास-के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

# एक सप्ताह में महिला यौन उत्पीड़न समितियों का गठन करें: अपराजिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि पोश एक्ट के तहत जिले में सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी (आईसीसी) का गठन करना अनिवार्य है। दस कर्मचारियों से अधिक संख्या होने पर कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न रोकने के लिए इस कमेटी का गठन किया जाना अनिवार्य है। सभी संस्थानों में एक सप्ताह में पोस एक्ट के इन समितियों का गठन किया जाए। डीसी अपराजिता सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में पोश एक्ट के अंतर्गत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। डीसी ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यस्थल पर यदि किसी महिला को परेशानी है तो विभाग में गठित इस समिति में उसकी सुनवाई की जाएगी। इस समिति का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं को सम्मानजनक और सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करना है।

# धर्मपाल माथूर को किया प्रधान नियुक्त

## गुरमेल सिंह एचएसवीपी यूनियन के जिला सचिव चुने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते पदाधिकारी।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण वर्कर्स यूनियन का जिला स्तरीय चौथा सांगठनिक प्रतिनिधि सम्मेलन कम्युनिटी सेंटर हुडा सेक्टर 19 में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता निवर्तमान जिला प्रधान ईशम सिंह ने की व मंच संचालन जिला सचिव गुरमेल सिंह ने किया। जिसमें जिले की निवर्तमान जिला कमेटी के इलावा विभाग से सैकड़ों प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भागीदारी की। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव शिवचरण ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकार की नई अर्थिक उदारीकरण की नितियो के कारण देश व प्रदेश मे बेरोजगारी महंगाई ओर भ्रष्टाचार बढ़ रहा है ओर इनपे रोक लगने की बजाय जति-धर्म के नाम पर लोंगो को बढ़ा जा रहा ह पिछले 12-13 वर्षो से कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। इसके बाद आगामी दो वर्षों के लिए चुनाव पर्यवेक्षक सर्कल प्रधान सेवा राम बडसर द्वारा नई जिला कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से करवाया गया। इसमें धर्मपाल माथुर को प्रधान गुरमेल सिंह को दुबरा सचिव, सत्यवान को कैशियर, जगदीश को वरिष्ठ उपप्रधान,पूजा रानी व नरेश कुमार को उपप्रधान की जिम्मेदी सौंपी गई।

# एनआईआईएलएम विवि ने बॉक्सिंग में रचा इतिहास

## रनर-अप ट्रॉफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग मेन टूर्नामेंट 2025–26 में एनआईआईएलएम विवि कैथल ने नया इतिहास रचते हुए रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की है। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल सहित सभी भार वर्गों में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इंचार्ज ऑफ यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन / प्रो वाइस चांसलर डॉ. देवेंद्र सिंह धुल ने सभी मुक्केबाजों तथा उनके परिवारों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही बेहतर खेल सुविधाओं को दिया। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन संदीप चहल, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप ने भी अपने कर्मचारियों और विद्यार्थियों के साथ खुशी व्यक्त की तथा पूरे खेल निदेशालय और प्रशिक्षकों को बधाई दी। विशेष रूप से मुक्केबाजी प्रशिक्षक विष्णु दत्त, निदेशक खेल मीनू रानी तथा कार्यालय अधीक्षक शशिकांत को विशेष रूप से बधाई दी गई।

# महिला सशक्तिकरण के बगैर सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं : कंचन माही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। नवनियुक्त जजों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंचन माही ने कहा कि एक सभ्य समाज की पहचान महिलाओं के सम्मान और उनकी भागीदारी से होती है। महिला सशक्तिकरण के बिना एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर नए मुकाम हासिल कर रही हैं। अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का उदाहरण देते कहा कि महिलाओं ने साबित किया है कि वे किसी भी चुनौती को पार करने में सक्षम हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंचन माही सोमवार को अधिवक्ता परिषद की ओर से जिला बार रूम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपभोक्ता फोरम की अध्यक्ष नीलम कश्यप, एडिशनल सेशन जज नंदिता कौशिक, मोहित अग्रवाल, अनुपम मोदी और अमित आदि मौजूद रहे।

### पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण

# उपायुक्त ने विद्यार्थियों को किट वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता छात्राओं को किट वितरित करते।

डीसी अपराजिता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बहुत जरूरी हैं। खेलों से जहां शारीरिक विकास होता है, वहीं मानसिक विकास में भी मदद मिलती है। कैथल सहित हरियाणा के बच्चों ने खेलों में देश-प्रदेश में नाम रोशन किया है। स्कूली बच्चे खेलों में उपलब्धियों को बनाएं रखें और खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लें। डीसी अपराजिता सोमवार को गांव कैलरम के रावामवि में शिक्षा विभाग के संयोजन में इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन के सीएसआर पहल तथा इंदरा सोशल ग्रुप सोसायटी के सहयोग से फ्यूचर ऑन ट्रैक अभियान के ट्रेक सूट वितरण समारोह में बच्चों को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान डीसी अपराजिता ने स्कूल की 70 छात्राओं को ट्रैक सूट, टी-शर्ट एवं जूते वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल में पहुंचने पर जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष व अन्य अधिकारियों ने डीसी अपराजिता का स्वागत किया।

#### सुविधाओं का लाभ उठाकर जीवन में आगे बढ़े

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ने डीसी अपराजिता का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने रेलवे फाइनेंस कारपोरेशन से आए अधिकारियों का आभार जताया। रेलवे से आए डिप्टी मैनेजर रमेश कुमार ने कहा कि आईआरएफसी द्वारा सीएमडी मनोज कुमार दुबे के मार्गदर्शन में देश भर में पांच हजार बेटियों को यह किट वितरित की जा रही है। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे इन सुविधाओं का लाभ उठाकर जीवन में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के बाद डीसी ने गांव के स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों के लिए पानी, प्रकाश सहित तमाम सुविधाओं को लेकर परीक्षा केंद्र अधीक्षक को आवश्यक निर्देश जारी किए। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, बीईओ सुरेश कुमार, डिप्टी मैनेजर रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**कैथल।** लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। शिविर के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए। एसडीएम ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करना प्राथमिकता है। उन्होंने एक-एक करके सभी परिवादियों की समस्याओं पर अधिकारियों को निवारण के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान करना ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

### उद्यमिता योजना महिला सशक्तिकरण का आधार

**जींद।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना जिले की महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। मातृशक्ति उद्यमिता योजना भी इसी दिशा में एक सशक्त पहल है।

### शिव और शक्ति विषय पर हुआ व्याख्यान

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनय सिंघल ने हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला में आयोजित "शिव और शक्ति : ब्रह्मांडीय ऊर्जा और चेतना" विषयक व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने व्याख्यान में उन्होंने शिव और शक्ति के दार्शनिक तथा आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा कि शिव चेतना के प्रतीक हैं और शक्ति ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने सौन्दर्यलहरी के प्रथम श्लोक के माध्यम से इस सिद्धांत को स्पष्ट किया तथा विज्ञान भैरव तंत्र के संदर्भों द्वारा साधना को चेतना के अनुशासन की प्रक्रिया के रूप में व्याख्यायित किया।

### समाधान शिविर में सुनी आमजन की शिकायतें

**गुहला-चीका।** सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही शिकायतों का निपटान करवाया। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान के लिए उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाता है। आमजन की सुविधा के लिए सामधान शिविर आयोजित किए जा रहे है, ताकि उन्हें शिकायतें के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

---

सभी वार्डों में आधुनिक सुविधाएं, पैच वर्क, इंटीरियर व एक्सटीरियर का होगा सुधार

# चार माह से चल रहा नागरिक अस्पताल में रेनोवेशन कार्य, मरीज हुए परेशान

**रेनोवेशन कार्य के चलते पुरानी बिल्डिंग के पीछे लैब के बाहर लगे छप्पर को उतरवाया**

- 14 .91 करोड़ की लागत से करवाया जा रहा पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में रेनोवेशन (जीर्णोद्धार) का कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। 14.91 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट में सवा माह पहले पुरानी बिल्डिंग के पीछे की तरफ से काम की शुरूआत की गई थी। बिल्डिंग के सामने शीट लगा दी गई है, जो रात के समय किसी फाइव स्टार होटल का लुक देती हैं। हालांकि बिल्डिंग के पीछे की तरफ हालात ज्यादा खराब होने के चलते वहां पैच वर्क से ही काम चलाया जा रहा है।

सवा माह पहले रेनोवेशन कार्य के चलते पुरानी बिल्डिंग में मौजूद लैबोरेटरी के बाहर लगा छप्पर (शेड) हटा दिया गया था। इस छप्पर को उतरवाने के बाद लैब के बाहर मरीजों को अब खुले



जींद। गर्मी में बैठ कर रिपोर्ट का इंतजार करते हुए मरीज। फोटोः हरिभूमि

आसमान के नीचे गर्मी के बीच बैठना पड़ रहा है। सर्दियों में तो जैसे-तैसे चल गया लेकिन अब गर्मी में मरीजों की परेशानी बढ़ गई है।

#### 14.91 करोड़ से पुरानी बिल्डिंग को दे रहे आधुनिक रूप

नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार हो रहा है। इसका उद्देश्य50 साल पुरानी जर्जर बिल्डिंग को आधुनिक रूप देना है। जिसमें सभी वार्डों में आधुनिक सुविधाएं, पैच वर्क, इंटीरियर और एक्सटीरियर सुधार शामिल है। काम इतना धीमे चल रहा है कि चार माह हो चुके हैं लेकिन यह पूरा नही हो पाया है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा संचालित यह प्रोजेक्ट निर्धारित समयावधि से पार जा चुका है। जोकि स्वास्थ्य अधिकारियों व मरीजों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। देरी और गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।


#### नई बिल्डिंग में प्रथम तल पर लगाई कुर्सियां

*नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि नई बिल्डिंग में प्रथम तल पर भी कुर्सियां लगाई गई हैं। मरीज यहां भी बैठ सकते हैं। बिल्डिंग के पीछे की तरफ से कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए संबंधित ठेकेदार को बोल दिया गया है। कार्य में तेजी लाने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की है। उम्मीद है कि जल्द यह कार्य पूरा होगा।*

#### सवा माह से मरीज लगातार हो रहे परेशान

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के भीतर व बाहर के जीर्णोद्धार के कार्य के बाद अब पीछे की तरफ से सवा माह पहले काम शुरू किया गया था। बिल्डिंग के पीछे की तरफ दीवार का बुरा हाल है। इसी दीवार के सहारे शेड लगाया गया है। जिसके नीचे बैठ कर लोग अपनी जांच रिपोर्ट का इंतजार करते हैं। निर्माण कार्य के दौरान कोई हादसा न हो, इसके लिए इस शेड को हटवा दिया गया था और कुर्सियों को नई बिल्डिंग के सामने लगा दिया गया था। सर्दियों में तो जैसे-तैसे मरीजों का काम चल गया लेकिन अब गर्मी में मरीज अपनी जांच रिपोर्ट का इंतजार करते हैं। जोकि मरीजों की परेशानी का सबब बना हुआ है।

---



जींद। पवन सैनी के कार्यकारी प्रधान बनने पर स्वागत करते गणमान्य व्यक्ति।

# नपा में पवन सैनी ने संभाला कार्यकारी प्रधान का कार्यभार

- जुलाना में रुके हुए कार्य होंगे दोगुनी गति से : पवन सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

नगर पालिका जुलाना के वाइस चेयरमैन पवन सैनी को कार्यकारी प्रधान बनाए पर नगर पालिका कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान पवन सैनी का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में मार्केट कमेटी के प्रधान मीनू शर्मा, वाइस चेयरमैन प्रवीण कश्यप, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर, नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र फौजी तथा पूर्व प्रधान बाबू राम सिंगला, वेदपाल लाठर, विजय बैरागी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि पवन सैनी को कार्यकारी प्रधान बनाए जाने से नगर पालिका के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पार्षद आपसी मतभेद भुला कर एकजुट होकर कस्बे के विकास के लिए कार्य करेंगे।

वक्ताओं ने कहा कि जुलाना कस्बे में कई विकास कार्य चल रहे हैं और कुछ कार्य अधूरे भी पड़े हैं। जिन्हें जल्द पूरा करना आवश्यक है ताकि आम जनता को सुविधाएं मिल सकें। मुख्य अतिथि पवन लाठर ने कहा कि नगर पालिका के सभी पार्षदों और अधिकारियों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करेंगे तो जुलाना कस्बे में विकास की गति और तेज होगी तथा लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। नगर पालिका के कार्यकारी प्रधान पवन सैनी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी गणमान्य व्यक्तियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है । पवन सैनी ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में जो भी विकास कार्य किसी कारणवश रुके हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा व नए विकास कार्यों की भी योजना बनाकर उन्हें जल्द शुरू कराया जाएगा।

---

# पेयजल आपूर्ति बढ़ाने में कारगर पखवाड़ाः मताना

- आठ से 22 मार्च तक पेयजल जांच प्रशिक्षण व विश्व जल दिवस कार्यक्रम होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के संचालन, रखरखाव, एवं प्रबंधन के कार्य में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए आठ मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें विश्व महिला दिवस, जल अर्पण दिवस, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति प्रशिक्षण, पलम्बर एवं पंप ऑपरेटर प्रशिक्षण, पेयजल जांच



जींद। जल महोत्सव के तहत जागरूक करते हुए। फोटोः हरिभूमि

प्रशिक्षण व विश्व जल दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। रणधीर मताना गांव आलनजोगिखेड़ा के सरकारी स्कूल में आयोजित जल अर्पण दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मताना ने बताया की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी बढाने के लिए जल महोत्सव पखवाड़ा के कार्यक्रम को शुरू किया गया है।

#### किया जागरूक

इस मौके पर पिल्लूखेड़ा के खंड समंवयक सुरेन्द्र दुग्गल ने विद्यार्थियों को पेयजल संरक्षण व स्वच्छता के बारे में बताते हुए कहा कि हमें खुलें नलों पर टेप लगानी चाहिए, पानी का उतना ही उपयोग करें जितनी जरूरत हैं। विद्यार्थियों को खाना खाने से पूर्व हाथ को अच्छी तरह से धोना चाहिए ताकि बिमारियों से बचा जा सके। दिनेश मलिक ने गांव निडाना, सुरेन्द्र नरवाल ने गांव रेवर, अलेवा के खंड समन्वयक ईश्वर सिंह ने गांव बिधाना, बलवान सिंह ने बहादुरपुर, सोमलता सैनी ने गांव किनाना में व कुशल शर्मा ने गांव रोहजखेड़ा में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के साथ मिल कर जल अर्पण दिवस मनाते हुए कहा कि ग्राम जल एवं सीवरेज समिति इस कार्य में अपनी अहम भूमिका निभा सकती हैं।

---

# 14 को लोक अदालत का आयोजन

- आपसी समझौते हल हो सकने वाले मामलों में काफी कारगर है राष्ट्रीय लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार 14 मार्च को न्यायिक परिसर जींद, नरवाना, सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चार बैंचों का गठन किया गया है। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि अतिरिक्त



सीजेएम मोनिका।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नौहरिया, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट कीर्ति जैन, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जसबीर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित सिहाग को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामले में राष्ट्रीय लोक अदालत काफी कारगर सिद्ध हो रही है।

#### सस्ता न्याय

लोक अदालत में सस्ता व सुलभ न्याय मिलता है तथा इसकी प्रक्रिया बिल्कुल साधारण है। जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है। जिसमें लोगों के धन व समय की बचत होती है इसमें न किसी की जीत होती है और ना ही किसी की हार होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू वैवाहिक विवाद, मोटर व्हीकल चालान आदि विवादों का निदान किया जाता है।

---

# जिन्दल के जन्मदिन पर हुआ यज्ञ

- हवन-यज्ञ कर सांसद नवीन की लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिन्दल हाउस कैथल में सांसद नवीन जिन्दल के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवीन जिन्दल के साथियों और समर्थकों ने हवन में आहुतियां अर्पित करते हुए सांसद की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और श्रद्धामय रहा। मंत्रोच्चार की पवित्र ध्वनि के बीच उपस्थित लोगों ने भगवान से प्रार्थना की कि सांसद नवीन जिन्दल सदैव स्वस्थ और



कैथल। हवन में आहुति डालते जिलावासी। फोटोः हरिभूमि

#### सांसद ने जनकल्याण कार्यों को दी प्राथमिकता

सांसद कार्यालय कैथल प्रभारी रविंद्र धीमान ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दी है। शिक्षा, युवाओं के कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को लेकर उनके प्रयास प्रेरणादायी हैं।

ऊर्जावान रहें। हवन में उपस्थित समर्थकों ने भी सांसद के जन्मदिन को सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के के रूप में मनाने का संकल्प लिया।

---

# सर्वोत्तम माता के लिए हुई खंड स्तरीय प्रतियोगिता

- कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने अनुभव व पालन पोषण से जुड़े तरीकों को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलायत में सर्वोत्तम माता पुरस्कार के लिए खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ कंचन आहूजा ने की। इस प्रतियोगिता में सर्कल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली माताओं ने खंड स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने अनुभवों व बच्चों के पालन-पोषण से जुड़े तरीकों को साझा किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य माताओं को बच्चों के



कलायत। महिलाओं और कर्मियों के साथ सीडीपीओ कंचन आहूजा। फोटोः हरिभूमि

बेहतर पालन-पोषण, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान माताओं ने बच्चों के पोषण, टीकाकरण, स्वच्छता और समग्र विकास से संबंधित अपने अनुभव प्रस्तुत किए। चयन प्रक्रिया के दौरान जूरी ने माताओं के विचार, बच्चों की देखभाल के तरीके तथा परिवार में सकारात्मक माहौल बनाने की पहल को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन किया। इस अवसर पर में महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

#### पोषण सेवाएं की जा रही उपलब्ध

सीडीपीओ कंचन आहूजा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य व विकास को बेहतर बनाना है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के पात्र वर्गों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण, प्री-स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

---

# ढुल के डीसी बनने पर खाप ने दी बधाई

- ढुल खाप की टीम ने पंचकूला निवास पर पहुंचकर एकांश ढुल को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

अखिल भारतीय ढुल खाप की टीम पंचकूला में कृष्ण ढुल के पुत्र एकांश ढुल के डीसी बनने पर उनके पंचकूला स्थित आवास पर पहुंची और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खाप के पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि एकांश ढुल ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम भी रोशन हुआ है। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि आज के



राजौंद। यूपीएससी में चयनित एकांश ढुल के आवास पर उन्हें बधाई देते हुए अखिल भारतीय ढुल खाप के पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान अखिल भारतीय ढुल खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह ढुल इक्कि, इंद्र सिंह पाई, राजबीर सिंह, बलकार ढुल सेरधा, डॉ. देवेंद्र सिंह सहित कई अन्य सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एकांश ढुल और उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

युवाओं को एकांश ढुल से प्रेरणा लेनी चाहिए और शिक्षा तथा कड़ी मेहनत के बल पर जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि एकांश ढुल अपने पद पर रहते हुए ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

---

वार्ड नंबर-7 के पंथ नगर के निवासियों को मिलेगी नई गलियों की सौगात

डेढ़ करोड़ की लागत से होगा पंथ नगर में फेस-2 की गलियों का निर्माण कार्य

# नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया दो करोड़ से बनी 30 गलियों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

शहर के वार्ड नंबर-7 स्थित पंथ नगर फेस-1 में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 30 नई गलियों का नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्षद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। नई गलियों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और कॉलोनी की तस्वीर भी बदलेगी। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि पंथ नगर




कैथल। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग पंथ नगर में गलियों का शुभारंभ करते हुए।

वासियों से चुनाव के समय जो वादा किया था, उसे आज पूरा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब इस कॉलोनी की हालत बेहद खराब थी और लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। इस अवसर पर पार्षद विजय गर्ग, सुरेंद्र सैनी, राजेश शर्मा, बली राठी, रघुबीर क्योड़क, मुकेश, राजेंद्र, राजेश फौजी आदि मौजूद रहे।

#### फेस-2 डेढ़ करोड़ से होगा गलियों का निर्माण

चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि पंथ नगर फेस-1 की गलियों का कार्य पूरा होने के बाद अब पंथ नगर फेस-2 की गलियों का निर्माण लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके लिए शिलान्यास किया जा चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इन गलियों के निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है।

#### छात्रावास रोड का निर्माण एक करोड़ से शुरू

छात्रावास रोड का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है, जिस पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-19 को जाने वाले मध्य मार्ग का निर्माण कार्य भी आरंभ हो चुका है। सुरभि गर्ग ने बताया कि कबूतर चौक से भगत सिंह चौक और रेलवे गेट चौक तक की सड़क के निर्माण के लिए भी टेंडर जारी किया और जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।